दिनांक 03.08.2025

प्रेस विज्ञप्ति 03/2025

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में नव चयनित 1,374 सहायक परिचालकों और 120 कर्मशाला कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किया गया।**

**मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी** की अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत 60,244 आरक्षी ना0पु0 की ऐतिहासिक भर्ती के पश्चात उ0प्र0 पुलिस में कम्यूनिकेशन व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार विभाग में नव चयनित 1,374 सहायक परिचालकों और 120 कर्मशाला कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया।

आज दिनांक 03.08.2025 को इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार विभाग में नव चयनित 1,374 सहायक परिचालकों और 120 कर्मशाला कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नव चयनित 12 अभ्यर्थियों 1-कंचन सैनी, मुजफ्फरनगर 2-विकास कुमार पटेल, जौनपुर 3-वैशाली गुप्ता, लखनऊ 4-तान्या मिश्रा, अयोध्या 5-संजना सिंह, शाहजहांपुर 6-अजीज खान, मथुरा 7-पंकज कुमार गौड़, देवरिया 8-अंकित पासवान, कुशीनगर 9-अंजुम परवीन, सहारनपुर 10-बृजेश कुमार वाल्मीकि, लखनऊ 11-विनीता यादव, रायबरेली 12-भूपेंद्र चौधरी, अलीगढ़ को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर उन्हे शुभकामनाएं दी गयी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में पुलिस महानिदेशक दूरसंचार श्री आशुतोष पाण्डेय द्वारा अपने उदबोधन में मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार में अब तक की सबसे वृहृद भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1374 सहायक परिचालकों एवं 120 कर्मशाला कर्मचारी का निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से चयन किया गया है। यह सभी दूरसंचार विभाग की रीढ़ हैं, इन कर्मचारियों का सूचनाओं के प्रभावी संप्रेषण, यातायात संचालन, अपराध एवं कानून-व्यवस्था में भरपूर सहयोग रहता है। पुलिस महानिदेशक दूरसंचार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के सभी सदस्यों को उनके अथक परिश्रम और प्रशासनिक निष्पक्षता के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्णा** द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति न केवल नवनियुक्त कर्मियों के लिए उत्साह का स्रोत है, बल्कि उ0प्र0 पुलिस के प्रति संरक्षण, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता की सजीव अभिव्यक्ति भी है। वर्ष 2017 के बाद उ0प्र0 पुलिस की कार्यसंस्कृति, संसाधनों और संरचना में जो ऐतिहासिक बदलाव आया है, वह मा0

मुख्यमंत्री जी के सशक्त नेतृत्व तथा अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति Zero Tolerance नीति का प्रत्यक्ष परिणाम है। मा0 मुख्यमंत्री जी के दृढ़ संकल्प और सुशासन के प्रति अविचल प्रतिबद्धता के फलस्वरूप, उ0प्र0 में संपन्न होने वाली सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई हैं। हाल ही में सम्पन्न हुई 60 हजार से अधिक आरक्षियों की नागरिक पुलिस में निष्पक्ष भर्ती और नियुक्ति पत्र वितरण ने वैश्विक स्तर पर एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। यह न केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि है, बल्कि गुड गवर्नेंस, जन-आस्था और न्यायपूर्ण चयन प्रक्रिया की एक जीवंत मिसाल भी है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दूरसंचार विभाग के डिजिटलीकरण को रेखांकित करते हुए बताया गया कि उ0प्र0 पुलिस ने मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन और मार्गदर्शन के अनुरूप Analog से Digital तक की क्रांतिकारी यात्रा पूर्ण की है। वर्तमान में 63 जनपदों में डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और शेष 12 जनपदों में यह कार्य शीघ्र ही सम्पन्न हो जाएगा। पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि यह विभाग की अब तक की सबसे वृहद भर्ती प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत 120 कर्मशाला कर्मचारी एवं 1374 सहायक परिचालक चयनित किए गए हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि इन नवचयनित कर्मियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस निष्पक्ष चयन प्रक्रिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में अब सफलता का एकमात्र आधार मेहनत, योग्यता और पात्रता है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप दक्षता और प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न कर आमजन के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा अपने सम्बोधन के जरिए अवगत कराया गया कि पुलिस दूरसंचार विभाग में नियुक्त हो रहे कर्मियों को ऐसा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें अनुशासन, कर्तव्यबोध, तकनीकी दक्षता और समकालीन संचार तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान सम्मिलित होगा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह सजग और सक्षम बन सकें।

अन्त में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा नव चयनित अभ्यर्थियों को इस नयी यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अब उस सशक्त, संवेदनशील और जिम्मेदार उ0प्र0 पुलिस परिवार का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसने सदैव राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखा है।

**मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 द्वारा दिये गये सम्बोधन के मुख्य अंशः-**

मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नव चयनित अभ्यर्थियों, उनके अभिभावको एवं परिवार को शुभकामनाएं दी गयी तथा भर्ती की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को रेखाकिंत करते हुए कहा गया कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक 2.17 लाख से अधिक पुलिस कार्मियों की नियुक्त पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत भर्ती की जा चुकी है। जो देश का सबसे बड़ा आकडा है। वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को और अधिक प्रभावी बनाते हुए पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा ट्रेनिंग क्षमता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा गया कि वर्ष 2017-18 में पहली भर्ती हुई तो ट्रेनिंग क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन अब प्रदेश में 60 हजार 244 पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग की व्यवस्था उ0प्र0 पुलिस के ट्रेनिंग इंस्टीटयूट में ही की जा रही है। पिछले 08 वर्षों में प्रदेश में पुलिस लाइन, पुलिस मुख्यालय और आवासीय सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, अब किसी भी जिले में सबसे ऊंचा और बेहतर भवन पुलिस का बैरक होता है, प्रदेश के 10 जिले में जहाँ पुलिस लाइन नही थी, वहाँ नये पुलिस लाइन बनाये गये है, आज उ0प्र0 पुलिस एक मॉडल फोर्स बन चुकी है, जो दंगा मुक्त, अराजकता मुक्त और सुरक्षित प्रदेश की पहचान बन रही है। उन्होने कहा कि पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण महाकुम्भ के आयोजन में देखने को मिला। उन्होने यह भी कही कि पुलिस विभाग में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है, इसी के तहत दूरसंचार विभाग में चयनित 1494 अभ्यर्थियों में करीब 300 बेटियों का चयन हुआ है।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने सम्बोधन में यह जानकारी दी गई कि उ0प्र0 पुलिस विभाग में अग्निवीर को 20 प्रतिशत रिजर्वेशन देने का निर्णय लिया गया है, इससे प्रशिक्षित और अनुशासित युवा, पुलिस बल का हिस्सा बन सकेगें। उन्होने महाकुंभ में दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संचार व्यवस्था किसी भी पुलिस फोर्स की रीढ़ होती है। 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में कम्युनिकेशन और दूरसंचार पुलिस की जिम्मेदारी कहीं कम नहीं होती। उन्होंने कुंभ के दौरान दूरसंचार पुलिस के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और टेक्नोलॉजी को पुलिसिंग का अनिवार्य अंग बताया तथा यह भी कहा कि जब भारत आजादी के अमृतकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो पुलिस को भी उतना ही संवेदनशील और सख्त होना पड़ेगा।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने उदबोधन के अन्त में कहा गया कि हर दस साल में पीढ़ी बदलती है और हमें इस नई पीढ़ी के सामने एक सुरक्षित, पारदर्शी और समर्थ उत्तर प्रदेश की तस्वीर पेश करनी होगी, जिसमें पुलिस बल एक प्रेरणास्रोत बनकर खड़ा हो ।

इस अवसर पर मा0 वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री सुरेश खन्ना जी, प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड श्री एस.बी शिरोडकर, पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू श्री आनंद स्वरूप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


नियुक्ति पत्र वितरण
द्वारा


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
सुरेश कुमार खन्ना
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
RAJEEV KRISHNA


8.50 लाख+
सरकारी नौकरी
मिशन रोज़गार
02 करोड़+
निजी क्षेत्र/MSME में रोजगार
3.75 लाख+
संविदा पर नौकरी
60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस की ऐतिहासिक भर्ती के उपरांत
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा
निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से
यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित
1,374 सहायक परिचालकों एवं
120 कर्मशाला कर्मचारियों को
नियुक्ति पत्र वितरण
द्वारा
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
रोजगार की लहर
हर गांव, हर शहर


RAJEEV KRISHNA
द्वारा
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सुरेश कुमार खन्ना
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
लाइव प्रसारण
UPGovtOfficial
रोजगार की लहर
हर गांव, हर शहर
60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस की ऐतिहासिक भर्ती के उपरांत
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा
निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से
यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित
1,374 सहायक परिचालकों एवं
120 कर्मशाला कर्मचारियों को
नियुक्ति पत्र वितरण


8.50 लाख+
सरकारी नौकरी
02 करोड़+
निजी क्षेत्र/MSME
में रोजगार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से
अब तक हुई 2.16 लाख पुलिसकर्मियों की नियुक्ति
60,244 नागरिक आरक्षी भर्ती के उपरांत अब
यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित
1,494 सहायक परिचालकों/
कार्यशाला कर्मचारियों को
नियुक्ति पत्र वितरण
द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
दिनांक : 3 अगस्त, 2025
समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ
मिशन रोज़गार
रोजगार की लहर
हर गांव, हर शहर
3.75 लाख+
संविदा पर नौकरी


यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित
1,494 सहायक परिचालकों/
द्वारा
RAJEEV KRISHNA


8.50 लाख+
3.75 लाख+
मिशन रोज़गार
8.50 लाख+
3.75 लाख+



रोज़गार की लहर
हर गांव, हर शहर
8.50 लाख+
3.75 लाख+
मिशन रोज़गार



रोजगार की लहर हर गांव, हर शहर
1,374
120
नियुक्ति पत्र वितरण
हर गांव, हर शहर
8.50 लाख+
सरकारी नौकरी
3.75 लाख+
संविदा पर नौकरी
मिशन रोज़गार
द्वारा
02 करोड़+




रोजगार की लहर
हर गांव, हर शहर
8.50 लाख+
सरकारी नौकरी
3.75 लाख+
संविदा पर नौकरी
मिशन रोज़गार
द्वारा
02 करोड़+
निजी क्षेत्र/MSME में रोजगार
गरिमामयी उपस्थिति


नियुक्ति पत्र

| |
|---|
| **दिनांक 03.08.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 04 / 2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## मेटा के अलर्ट से पुलिस मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर जनपदीय पुलिस द्वारा मात्र 10 मिनट के अन्दर मौके पर पहुँच कर, बचायी गयी युवक की जान

दिनांक 02–08–2025 को जनपद प्रयागराज के थाना पूरामुफ्ती निवासी शादी–विवाह में वेटर का कार्य करने वाले 33 वर्षीय युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया कि **"मैं जहर खा लिया"**। उक्त पोस्ट के संबंध में दिनांक 02–08–2025 को रात्रि 22:59 पर मेटा कंपनी की तरफ से मुख्यालय पुलिस महानिदेशक स्थित सोशल मीडिया सेन्टर को ई–मेल के ज़रिए एलर्ट प्राप्त हुआ। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित कराया गया।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, श्री राजीव कृष्णा** द्वारा उक्त एलर्ट पर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मेटा कम्पनी द्वारा भेजे गये अलर्ट का संज्ञान लेकर मुख्यालय की सोशल मीडिया सेन्टर द्वारा प्राप्त अलर्ट में उपलब्ध कराये गये मोबाइल नम्बर के आधार पर तत्काल युवक की लोकेशन की जानकारी करके जनपद प्रयागराज को प्रकरण से अवगत कराया गया।

मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना एवं लोकेशन पर थाना पूरामुफ्ती के थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह मय हमराही गणों के तत्काल मात्र 10 मिनट के अन्तराल में युवक के घर पहुंच गए एवं परिजनों से तत्काल युवक के सम्बन्ध में जानकारी कर, परिजनों को साथ लेकर युवक के कमरे में पहुंचे जहां युवक अपने बिस्तर पर लेटा हुआ था, जिसने पूछने पर बताया कि उसने चूहा मार दवा खा लिया है। युवक की गम्भीर स्थिति को देखकर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल उसे अपने सरकारी वाहन से परिजनों के साथ ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिनांक 03–08–2025 को युवक की स्थिति सामान्य होने पर थाना प्रभारी द्वारा जानकारी करने पर युवक के द्वारा बताया गया कि वह शादी–विवाह में वेटर का कार्य करता है किन्तु उस काम से उसको ज्यादा आमदनी नहीं

हो पाती है। आर्थिक तंगी के कारण उसके द्वारा मानसिक अवसाद की स्थिति में आत्महत्या के उद्देश्य से चूहा मार दवा खा लिया था और यह बात इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी थी। थाना प्रभारी द्वारा समय से पहुँच कर युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर उसके प्राणों कि रक्षा करने के साथ–साथ काउन्सलिंग की गयी, जिस पर युवक द्वारा भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया। युवक के परिजनों द्वारा स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों की तत्परता तथा उनके सहयोग हेतु उ0प्र0 पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस एवं मेटा कम्पनी के मध्य 2022 से प्रचलित व्यवस्था के अंतर्गत यदि कोई भी व्यक्ति फेसबुक अथवा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या किए जाने से सम्बंधित पोस्ट करता है तो ऐसी पोस्ट के सम्बंध में मेटा कम्पनी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को ई–मेल एवं फोन के माध्यम से अलर्ट भेजकर सूचित किया जाता है। **दिनांक 01–01–2023 से 31–07–2025 के मध्य आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर प्राप्त अलर्ट का संज्ञान लेकर कुल 1195 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जा चुकी है।



**जनपद हरदोई/थाना संडीला**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **14 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 02-08-2025 को थाना संडीला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त जितेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 14 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फतेहगढ़, हरदोई, शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना संडीला पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना संडीला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जितेन्द्र निवासी धनसुआ कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रूखाबाद।

**बरामदगी**

1—14 हजार रूपये नगद।

**जनपद गोरखपुर/थाना बेलीपार**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 31 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली—सफेद) धातु के आभूषण**
- **चोरी के 01 लाख 04 हजार 616 :पये नगद**
- **लगभग 04 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 45 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 02-08-2025 की रात्रि थाना बेलीपार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मरवडिया कुआँ बन्धा रोड के पास से 02 अभियुक्तों 1— सुजीत

उर्फ सिद्धार्थ उर्फ धुनधुन 2–विशाल उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 31 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, चोरी के 01 लाख 04 हजार 616 :पये नगद, लगभग 04 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 45 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बेलीपार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बेलीपार पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुजीत उर्फ सिद्धार्थ उर्फ धुनधुन के विरूद्ध जनपद गोरखपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 03 अभियोग एवं अभियुक्त विशाल उर्फ छोटू के विरूद्ध जनपद गोरखपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बेलीपार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुजीत उर्फ सिद्धार्थ उर्फ धुनधुन निवासी रामपुर थाना एम्स जनपद गोरखपुर।

2–विशाल उर्फ छोटू निवासी ग्राम मंझरिया बड़गो थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 31 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–चोरी के 01 लाख 04 हजार 616 :पये नगद।

3–लगभग 04 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 45 किलोग्राम अवैध गांजा।

4–घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना एम.एम. गेट**

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **चोरी के 07 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 02/03-08-2025 को थाना एम.एम. गेट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शरद उर्फ लालू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–सौरभ 3–हिमान्शु 4–पंकज सहित गिरफ्तार किया गया एवं एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, चोरी के 07 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01-08-2025 को थाना एम.एम. गेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एम.एम. गेट पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना एम.एम. गेट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शरद उर्फ लालू निवासी लोहिया नगर बलकेश्वर थाना कमला नगर कमिश्नरेट आगरा।

2–सौरभ निवासी लोहिया नगर बलकेश्वर थाना कमला नगर कमिश्नरेट आगरा।

3–हिमान्शु निवासी लोहिया नगर बलकेश्वर थाना कमला नगर कमिश्नरेट आगरा।

4–पंकज निवासी लोहिया नगर बलकेश्वर थाना कमला नगर कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–चोरी के 07 हजार रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

————